Udaipur . Friday
22/11/2019

पत्रिका

अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता

उदयपुर ◆ विश्वविद्यालय विज्ञान महाविद्यालय की मेजबानी में सुविवि अन्तर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत एमबी खेल मैदान पर हुई। आयोजन सचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि पहले मैच में राजकीय महाविद्यालय आमेट ने विनायक कॉलेज खेरवाड़ा को, दूसरे मैच में एश्वर्या कॉलेज ने दत्तात्रैयी कॉलेज कांकरोली को, तीसरे मैच में कला महाविद्यालय ने अरावली टीटी कॉलेज एकलिंगपुरा को हराया। इसमें आर्ट कॉलेज की ओर से आकाश प्रजापत ने घातक गेंदबाजी करते हुए 1.3 ओवर में मात्र 1 रन देकर 6 विकेट लिए। चौथे मैच में राजकीय महाविद्यालय खेरवाड़ा ने स्वामी विवेकानन्द कॉलेज वल्लभनगर को हराया।

उदयपुर, शुक्रवार 22 नवंबर, 2019 | 02

भास्कर

सुविवि की इंटर कॉलेज क्रिकेट स्पर्धा शुरू, आकाश की घातक गेंदबाजी से जीत

सिटी रिपोर्टर | उदयपुर

सुविवि की इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को साइंस कॉलेज की मेजबानी में एमबी ग्राउंड पर शुरू हुई। आयोजन सचिव डा. सुरेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि दिन के पहले मुकाबले में आमेट कॉलेज ने विनायक कॉलेज को 35 रनों से हराया। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में आट्‌र्स कॉलेज के आकाश प्रजापत ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 1 रन देकर 6 विकेट लिए, इसकी बदौलत उनकी टीम ने जीत हासिल की। अन्य मुकाबलों में ऐश्वर्या कॉलेज ने दत्तात्रेय कॉलेज को 157 रनों से, खेरवाड़ा कॉलेज ने स्वामी विवेकानंद कॉलेज वल्लभनगर को 67 रनों से हराया। इधर गवर्नमेंट कॉलेज मंडफिया के नहीं आने पर काव्यांजलि कॉलेज चावंड को व गवर्नमेंट कॉलेज झाड़ोल के नहीं आने पर ऐश्वर्या टीटी कॉलेज को वॉक ओवर दिया गया।